तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 सत्ता शासन के लिए नहीं वरन सेवा के लिए है: अरुण साव




## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता 27 जुलाई को

**कोरबा**। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में माय भारत युवा कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किया जा रहा हैं। इस सम्बन्ध में माय भारत कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने बताया कि 27 जुलाई को नशामुक्त भारत अभियान के तहत अग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा में प्रातः 10 बजे से जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता- युवा की उड़ान, नशा मुक्त भारत का निर्माण थीम पर आयोजित की गई है।

### कोरबा जनपद सीईओ राय खगेश भेजे गए पोड़ी-उपरोड़ा

**कोरबा**। कलेक्टर कोरबा द्वारा जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत कोरबा के नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) के पदभार ग्रहण करने के बाद प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। आदिम जाति विकास विभाग के आदेश के तहत जनपद पंचायत रामानुजनगर (जिला-सूरजपुर) से स्थानांतरित होकर आए संजय कुमार राय ने 20 जुलाई को जनपद पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके फलस्वरूप अब तक प्रभारी सीईओ के रूप में कार्यरत खगेश कुमार निर्मलकर, विकास विस्तार अधिकारी को आगामी आदेश तक जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### 355.69 मीटर भर चुका है पानी जो कुल जल भराव का 77 फीसदी है

# बांगो बांध का वाटर लेवल जा पहुंचा गले तक बारिश होती रही तो कभी भी खुल सकता है गेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में पिछले एक हफ्ते से लगातार अच्छी बारिश हो रही है। जिसके चलते बांगो बांध में पानी आने का सिलसिला लगातार जारी है, और पिछले एक सप्ताह में ही बांगो बांध के वाटर लेवल में लगभग 20 फ़ीसदी का इजाफा हुआ है। बांगो बांध में अब गले तक पानी आ गया है यदि इसी तरह बारिश होती रही तो बांगो बांध को भरने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। बताया जाता है कि बांगो बांध में गुरुवार को 355.69 मीटर लगभग 77 फ़ीसदी भर चुका है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी बांगो बांध के वाटर लेवल पर प्रतिदिन नजर बना कर रखे हुए हैं। वाटर लेवल जैसे ही 90 फ़ीसदी पहुंचेगा तब की स्थिति में बांध का गेट कभी भी खोला जा सकता है।

**खास बात**
- बीते साल 351.22 मीटर ही भरा था बांध

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर बांगो बांध बनाया गया है। बांगो बाध की कुल भराव क्षमता 359.66 मीटर है। बांगो बांध का मुख्य कैचमेंट इलाका सूरजपुर, कोरिया सहित आसपास के पड़ोसी जिलों से ही जहां लगातार बारिश हो रही है। जिसके चलते बांगो बांध का वाटर लेवल भी बढ़ रहा है। मौजूदा स्थिति में बांगो बांध का जल स्तर 355.69 मीटर भर चुका है। जो कुल जल भराव का 77.31 फ़ीसदी है। बताया जाता है कि एक सप्ताह पूर्व बांगो बांध का जल स्तर लगभग 60 फ़ीसदी था और पिछले एक सप्ताह से हो रही बारिश के चलते बांगो बांध का जल स्तर में लगभग 20 फीसदी का इजाफा हुआ है। वष 2025 के आंकड़ों पर गौर करें तो 23 मई को बांध का वाटर लेवल 351.22 मीटर था, जबकि इस वर्ष 355.69 मीटर पहुंच चुका है। पिछले साल की अपेक्षा इस साल बांध में 4 मीटर पानी ज्यादा है।

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आने वाले दिनों में यदि इसी तरह लगातार बारिश होती रही तो बांगो बांध को भरने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। क्योंकि 358 मीटर में लेवल पहुंचते बांध के गेट खोल दिए जाते हैं। इस आंकड़े तक पहुंचने में लगभग 3 मीटर ही शेष है। हालांकि जल संसाधन विभाग के अधिकारी प्रतिदिन बांगो बांध के वाटर लेवल पर नजर बनाए हुए हैं और वरिष्ठ अफसर को भी इसकी सूचना दे रहे हैं। जब बांगो बांध के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए निचली बस्तियों में पहले ही अलर्ट जारी कर दिया गया है। ताकि कभी भी यदि गेट खोलने की नौबत आए तो निचली बस्तियों में कोई खतरा न बना रहे। बताया जाता है कि यदि इसी तरह बारिश होती रही तो बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार पहले बढ़ाई जाएगी यदि इसके बाद भी बांधों का वाटर लेवल मैनेज नहीं हुआ तो तब जाकर गेट खोलने की नौबत आ सकती है।


फाइल फोटो

### गुरुवार को फिर खोला गया हसदेव दर्री बराज का गेट

दर्री बैराज में सामान्य तौर पर 941 फीट का वाटर लेवल बनाए रखा जाता है। पिछले कई दिनों से बैराज के ऊपरी इलाकों और क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के कारण बैराज में अतिरिक्त पानी आवक होती है, जलस्तर को संतुलित करने के लिए बैराज के गेट लगातार खोला जा रहा है। गुरुवार की अल सुबह बैराज का वाटर लेवल बढ़ गया था। जिसक चलते बैराज का गेट नंबर 12 को सुबह 6 बजे 3 फीट खोला गया। इस गेट के माध्यम से 4156 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा था। जिसे सुबह 11.30 बजे वाटर लेवल कम होने पर गेट को बंद दिया गया।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

### द्वितीय चरण

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **द्वितीय चरण सत्र 2026-27** में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (Dialysis) डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| रायपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरायपाली | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| धमतरी | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| जगदलपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| बीजापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| कांकेर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| अंबिकापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| सूरजपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत** : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**
1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही **55 रुपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10X4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 20.08.2026 तक।**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-25.08.2026 तक।**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, प्रथम तल, मेहर हाइट्स, यश बिग बाजार एवं एसबीआई बैंक के पास, राज किशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006
महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)





## खबर संक्षेप



### सेजस चैतमा के विद्यार्थियों ने अडानी पॉवर लिमिटेड का किया भ्रमण

**चैतमा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चैतमा के विद्यार्थियों ने औद्योगिक भ्रमण प्रीति अडानी फाउंडेशन चेयरमैन उड़ान शिक्षा सशक्तिकरण अभियान अडानी फाउंडेशन उड़ान कार्यक्रम में अडानी फाउंडेशन मैनेजमेंट टीम प्रेम साहू प्रोजेक्ट ऑफिसर, सदानंद पांडे सेफ़्टी डिपार्टमेंट विधुत उत्पादन प्रक्रिया टर्बाइन की कार्य ,विधुत सावधानियां से अवगत कराया। इस अभियान का उद्देश्य स्कूली और कॉलेज के विद्यार्थियों को वास्तविक दुनिया के कार्यस्थलों का एक्सपोजर देना है। इसके तहत युवाओं को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित ताकि वे भविष्य के उद्यमी और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। प्रोजेक्ट उड़ान के लक्ष्य व्यावहारिक ज्ञान विद्यार्थियों को कक्षा में पढ़ाई जाने वाली सैद्धांतिक बातों को अडानी समूह की औद्योगिक इकाई पावर प्लांट, भ्रमण करवाकर करियर मार्गदर्शन और प्रेरणा ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के युवाओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करना, आत्मविश्वास बढ़ाना और भविष्य के करियर विकल्पों के प्रति जागरूकता पैदा करना। सपनों को उड़ान छात्रों को बड़े ऑपरेशंस करीब से दिखाकर उन्हें बड़े सपने देखने और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सेजस चैतमा के आई टी ,हेल्थकेयर, रासेयो स्वंय सेवकों ने प्रेम सिंह प्रोजेक्ट ऑफिसर ने थ्योरी क्लास विधुत थर्मल पावर, सर्विस बिल्डिंग, हेल्थकेयर सेंटर, रिजर्व वायर कूलिंग, टॉवर, कोल यार्ड, स्टेकर मशीन, कन्वेयर बेल्ट, कोल बैंकर, कोल मिल, कोल फीडर, ईएसपी मशीन, बॉयलर, टर्बाइन, ट्रांसफार्मर चिमनी, स्वीच यार्ड, आईटी सेक्टर डिजिटल लॉकर, सायबर फ्रॉड भ्रमण द्वारा जानकारी दिया गया।

### स्वच्छ भारत मिशन की राज्य सलाहकार ने शुक्लाखार ग्राम पंचायत का किया निरीक्षण



**कोरबा।** राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), रायपुर की राज्य सलाहकार एवं बिलासपुर संभाग प्रभारी श्रीमती मोनिका सिंह ने जनपद पंचायत कटघोरा अंतर्गत ग्राम पंचायत शुक्लाखार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत में संचालित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) कार्यों तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन का अवलोकन किया। इस अवसर पर स्वच्छग्राहियों एवं ग्रामीणों को कचरे का चार प्रकार से पृथक्करण-सूखा कचरा, गीला कचरा, सैनिटरी कचरा तथा विशेष देखभाल/ई-कचरा (इलेक्ट्रॉनिक कचरा) करने की जानकारी दी गई। साथ ही स्वच्छ एवं कचरा मुक्त ग्राम के निर्माण के लिए विस्तृत चर्चा की गई। घर-घर कचरा संग्रहण कार्य में संलग्न स्वच्छग्राही समूह के सदस्यों को नियमित डोर-टू-डोर कलेक्शन, स्रोत पर कचरा पृथक्करण तथा स्वच्छता शुल्क के महत्व के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। ग्राम के सरपंच एवं सचिव को ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने, निर्धारित स्थान पर ही कचरे का निस्तारण सुनिश्चित कराने, नियमों का उल्लंघन करने वालों को पहले समझाइश देने तथा आवश्यकता पड़ने पर नियमानुसार जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्रामीणों को चार प्रकार से कचरा अलग-अलग रखने, नियमित रूप से स्वच्छता शुल्क का भुगतान करने तथा ग्राम में निर्मित सामुदायिक शौचालय का नियमित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद सदस्य, कटघोरा विधायक प्रतिनिधि, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कटघोरा, जिला समन्वयक, जिला सलाहकार, ब्लॉक समन्वयक, बीपीएम (एनआरएलएम), प्रधानमंत्री आवास योजना के तकनीकी सहायक, जनपद पंचायत की टीम, सरपंच, पंचगण, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, बिहान समूह की महिलाएँ, स्वच्छग्राही तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम सरगवां निवासी शंभू दयाल सिंह आ.सत्य नारायण (38 वर्ष) शहर स्थित एक मोबाइल दुकान में काम करता था। बुधवार को बाइक से काम करने मोबाइल दुकान आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार सलका मोड के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## कोरबा प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

# पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाएं : अरुण साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा प्रेस क्लब की पहचान राज्य स्तर पर है। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इसकी गरिमा बनाए रखना प्रत्येक पत्रकार का दायित्व है। पत्रकार निष्पक्ष, जिम्मेदार और

**खास बात**

- उपमुख्यमंत्री ने की प्रेस क्लब के विस्तार के लिए 20 लाख सहायता राशि की घोषणा

तथ्यपरक पत्रकारिता के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत करें। नई तकनीकों और एआई के दौर में पत्रकारिता के स्वरूप में बदलाव आया है। ऐसे समय में अनुभवी और युवा पत्रकारों के समन्वय से पत्रकारिता को नई दिशा मिलेगी। बड़ी संख्या में युवा पत्रकार इस क्षेत्र से जुड़ रहे हैं, जो समाज में जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने का कार्य कर रहे हैं।

उक्त बातें उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने गुरुवार को पंडित जवाहर लाल नेहरु सभागार में आयोजित प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कही। कार्यक्रम की शुरुवात में कोरबा प्रेस क्लब के अध्यक्ष नौशाद खान ने स्वागत भाषण दिया। इस दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि पत्रकार सदैव निर्भीक होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे हैं। जनसरोकारों और शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि मैं नव-निर्वाचित प्रेस क्लब अध्यक्ष नौशाद खान, संरक्षक कमलेश यादव व प्रबंध कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देता हूँ। वर्तमान समय में देश जिस स्थिति से गुजर रहा है, उसमें पत्रकारिता जगत की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। देश व प्रदेश के मौजूदा हालातों को देखते हुए पत्रकारों को अपनी निष्पक्ष और अहम भूमिका निभाते हुए पूरी ईमानदारी से कार्य करने की आवश्यकता है। इस दौरान महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने अपने 16 महीनों के कार्यकाल का ब्योरा साझा किया। नगर निगम के सभी वार्डों में सड़क, नाली, बिजली, पानी, शहर के सौंदर्यीकरण तथा छोटे व्यापारियों के व्यवस्थित पुनर्वास जैसे कार्यों को प्रमुखता से पूरा किया गया है। कार्यक्रम में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह कँवर, निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी एवं बिलासपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजीत मिश्रा सहित अन्य पत्रकार व जनप्रतिनिधि शामिल रहे।



मंचस्थ अतिथिगण।



प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाते उपमुख्यमंत्री अरण साव।

## शाउमावि बलगीखार में युवा संगठन दिया की डिवाइन वर्कशॉप



कार्यक्रम मे युवाओं को जानकारी देती शिक्षिका।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा संगठन दिया कोरबा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलगीखार में युवाओं के लिए डिवाइन वर्कशॉप एवं नशा मुक्त भारत अभियान का प्रेरणादायी आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं में नैतिक मूल्यों, सकारात्मक सोच, राष्ट्रभक्ति एवं व्यसनमुक्त जीवन के संस्कार विकसित करना रहा।


कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कन्हैया लाल चौहान ने परम पूज्य पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के जीवन-दर्शन एवं प्रेरक सूत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा केवल देश का भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे बड़ी शक्ति हैं। यदि युवा चरित्रवान, संस्कारवान और नशामुक्त होंगे, तो भारत पुनः विश्वगुरु बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से समय का सदुपयोग, आत्मअनुशासन, स्वाध्याय और सेवा को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। दिया नारी जागरण प्रमुख सुश्री सविता साहू और आस्था साहू ने सकारात्मक चिंतन, आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास पर प्रेरक कार्यशाला आयोजित की। उन्होंने कहा कि "सकारात्मक सोच ही सफलता का प्रथम सोपान है। नशा व्यक्ति की प्रतिभा, परिवार और भविष्य तीनों को नष्ट कर देता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों को नशा न करने और नशा मुक्त समाज निर्माण का संकल्प भी दिलाया। दिया जिला संयोजक विजेंद्र यादव ने युवाओं के कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की महान संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत और युवाशक्ति ही देश को पुनः विश्वगुरु बनाएगी। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण, सेवा, संस्कार और चरित्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

## कोयला डिस्पैच को पारदर्शी बनाने ट्रक डिस्पेच मॉनिटिरंग कंट्रोल रुम किया गया स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल में कोयला डिस्पैच व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, दक्ष एवं प्रभावी बनाने की दिशा में सतर्कता विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। निवारक सतर्कता (प्रिवेंटिव विजिलेंस) के अंतर्गत एसईसीएल की प्रमुख खदानों गेवरा, दीपका, कुसमुंडा एवं रायगढ़ में समर्पित ट्रक डिस्पैच मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं।

इन कंट्रोल रूम का विकास एसईसीएल द्वारा इन-हाउस किया गया है, जो संगठन की तकनीकी क्षमता, नवाचार और विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय को दर्शाता है। इन कंट्रोल रूम में रियल-टाइम डिजिटल डैशबोर्ड के माध्यम से ट्रकों की आवाजाही, डिस्पैच की स्थिति तथा परिचालन संबंधी संभावित बाधाओं की निरंतर निगरानी की जा रही है। सतर्कता विभाग की इस पहल का उद्देश्य केवल अनियमितताओं की पहचान करना ही नहीं, बल्कि प्रणालीगत सुधार (सिस्टमेटिक इम्प्रूवमेंट) के माध्यम से ऐसी परिस्थितियों की रोकथाम करना है, जो डिस्पैच प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब, अक्षमता अथवा पारदर्शिता की कमी का कारण बन सकती हैं।



रियल-टाइम मॉनिटरिंग के माध्यम से संभावित बाधाओं की शीघ्र पहचान कर समयबद्ध हस्तक्षेप संभव होगा तथा संबंधित हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सकेगा। इस पहल से ट्रक टर्नअराउंड टाइम को कम करने, वाहनों के निर्गमन में होने वाले विलंब को न्यूनतम करने तथा कोयला डिस्पैच एवं निकासी की दक्षता बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलने की उम्मीद है। साथ ही, रियल-टाइम डेटा के आधार पर त्वरित एवं तथ्यपरक निर्णय लेने में भी सुविधा होगी। यह पहल केंद्रीय सतर्कता आयोग की निवारक सतर्कता की भावना के अनुरूप प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता को मजबूत करने की दिशा में एसईसीएल के सतर्कता विभाग के निरंतर प्रयासों को दर्शाती है।

## जल प्रबंधन कार्यों में महापौर व आयुक्त को मिली सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जल प्रबंधन, वाटर हार्वेस्टिंग व रिचार्ज वेल के निर्माण तथा कैच द रैन प्रोजेक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये भारत सरकार के आवासन

**खास बात**

- केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव डी तारा ने कार्यों की समीक्षा की।

एवं शहरी कार्य मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव डी.तारा ने महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की सराहना की है। उन्होंने इस दिशा में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा किये जा रहे कार्यों व प्राप्त परिणामों पर संतुष्टि जाहिर की।

ज्ञात हो कि अमृत मिशन 2.0 अंतर्गत संचालित सेलो एक्यूफायर मेनेजमेंट के तहत कैच द रैन प्रोजेक्ट हेतु प्रथम चरण में देश के निर्धारित मानदण्डों वालों 75 शहरों में 10 शहरों का चयन किया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ से कोरबा शहर भी शामिल था। सोमवार को भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव डी.तारा ने प्रोजेक्ट की कार्यप्रगति एवं प्राप्त परिणामों के साथ-साथ जल प्रबंधन, वाटर हार्वेस्टिंग से जुडे.कार्यो की वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर के साथ-साथ निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षदगण व एल्डरमेनगण उपस्थित थे। महापौर श्रीमती राजपूत एवं आयुक्त श्री पाण्डेय ने जानकारी बताया कि सेलो एक्यूफायर मेनेजमेंट के तहत 10 पृथक-पृथक स्थानों पर निगम द्वारा रिचार्ज वेल का निर्माण कराया गया है, इंजेक्ट वेल पद्धति अनुरूप नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर इसरो के तकनीकी विशेषज्ञों के परामर्श अनुसार वृहद एवं भारी वर्षा के दौरान वर्षा जल का सड़क एवं नालियों पर होने वाले ऊपरी बहाव को रिचार्ज वेल के माध्यम से पुनर्भरण किये जाने की कार्ययोजना को भी पूर्ण किया जा चुका है। उन्होने बताया कि यह कार्य योजना वर्षा जल के अत्यधिक बहाव को नालियों व नालों के माध्यम से नदियों में विसर्जित होने से रोकने के लिये लाभदायी सिद्ध हो रही है, जो कि कैच द रैन का महत्वपूर्ण उद्देश्य है, इसका लाभ भूजल स्तर के उन्नयन में प्राप्त हो रहा है।

**निगम क्षेत्र में 1728 रैन वाटर हार्वेस्टिंग पिट**

महापौर एवं आयुक्त ने बताया कि नगर पालिक निगम कोरबा एवं अन्य शासकीय भवनों में 757 रैन वाटर हार्वेस्टिंग पिट एवं निजी भवनों में 971 कुल 1728 नग रैनवाटर हार्वेस्टिंग पिट की स्थापना का कार्य कराया गया है। नगर पालिक निगम कोरबा के भवन अनुज्ञा विभाग द्वारा जारी किये जाने वाले भवन निर्माण अनुमति पत्र में रैनवाटर हार्वेस्टिंग का अनिवार्य प्रावधान भी किया गया हैं।

**सभी नवीन भवनों में हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य**

निगम क्षेत्र में होने वाले विभिन्न विकास कार्यों यथा सामुदायिक भवन, विद्यालय में अतिरिक्त भवन, आंगनबाड़ी भवन, मंगल भवन सहित अन्य सार्वजनिक उपयोग के भवनों के निर्माण हेतु यदि नगर पालिक निगम कोरबा कार्य एंजेसी होती है, तो समस्त कार्ययोजनाओं में अनिवार्य रूप से रैनवाटर हार्वेस्टिंग पिट तैयार किये जाने का प्रावधान सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी प्रकार निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों में स्थित अनुपयोगी, क्षतिग्रस्त एवं कोलेप्स 95 नग बोर का चिन्हांकन करते हुये रिड्रीलिंग कार्ययोजना तैयार की गई है, जिससे कि उक्त अनुपयोगी बोर को रिचार्ज पिट के रूप में उपयोग किया जा सके।

## कोयला मजदूर सभा कुसमुण्डा के पाल बने अध्यक्ष, प्रधान कार्यकारी अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कोयला मजदूर सभा के नए पदाधिकारियों के साथ सदस्य।

ऋत्रऋ-ऋकोयला मजदूर सभा के केंद्रीय महामंत्री नाथूलाल पाण्डेय के कोरबा संभाग का व्यापक दौरे के अंतर्गत कुसमुंडा क्षेत्र में संभाग के प्रभारी केदारनाथ अग्रवाल की अगुवाई एवं केंद्रीय सचिव गिरिजा साहू के उपस्थिति में क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक बैठक किया गया।

हिंद मजदूर सभा (एचएमएस) से संबद्ध कोयला मजदूर सभा के केंद्रीय महामंत्री नाथूलाल पाण्डेय ने कुसमुंडा क्षेत्र के नवनियुक्त एवं वरिष्ठ क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण संगठनात्मक चर्चा की। बैठक का संचालन क्षेत्रीय महामंत्री सह एरिया जेसीसी अशोक कुमार साहू के द्वारा किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती, मजदूर हितों की रक्षा तथा क्षेत्र में संगठन विस्तार को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान केंद्रीय महामंत्री श्री पाण्डेय ने कहा कि कोयला मजदूर सभा सदैव श्रमिकों के अधिकारों, सम्मान और सुरक्षा के लिए संघर्षरत रही है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की, कि वे क्षेत्र के प्रत्येक मजदूर तक संगठन की नीतियों एवं योजनाओं को पहुँचाते हुए उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएँ। केंद्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष एवं कोरबा संभाग के प्रभारी केदारनाथ अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में मजदूर एकता को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है। संगठन तभी सशक्त होगा जब प्रत्येक पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ निभाएगा। उन्होंने कुसमुंडा क्षेत्रीय पदाधिकारियों को आगाह किया कि जो संगठन को अंदर से खोखला और कमजोर करने मे लगे हुए है, जो हमारे साथ रहकर भी हमारे संगठन हमारे बैनर के विरुद्ध काम कर रहे है उन्हें त्वरित प्रभाव से पद एवं सदस्यता से हटाए जाने हेतू क्षेत्रीय महामंत्री को निर्देशित किये , उन्होंने मजदूरों की लंबित समस्याओं, कार्यस्थल की सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था तथा कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। केंद्रीय सचिव एवं गेवरा दीपका एरिया जेसीसी गिरिजा साहू ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ पदाधिकारी एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष आर. एस.पाल को क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं कमलेश प्रधान को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## विद्युत उपभोक्ताओं को किया गया जागरूक



उपभोक्ताओं को जानकारी देते बिजली विभाग के अदिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) के कोरबा वृत्त कार्यालय परिसर में विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण तथा उन्हें उनके अधिकारों एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से विद्युत निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का संचालन सीएम वाजपेयी, अध्यक्ष, विद्युत उपभोक्ता फोरम के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर सुशील कुमार श्रीवास (रीडर, विद्युत उपभोक्ता फोरम), आरके चौहान, कार्यपालन अभियंता, नगर संभाग, कोरबा, एस.के. सोनी, कार्यपालन अभियंता, ओ एंड एम संभाग, कोरबा, सभी सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता तथा सीएसपीडीसीएल के उपभोक्ता उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित उपभोक्ताओं को सीएसपीडीसीएल द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन शिकायत निवारण व्यवस्था, नए विद्युत कनेक्शन, नाम परिवर्तन, भार वृद्धि एवं कमी, बिल संबंधी शिकायतों के निराकरण, विद्युत सुरक्षा उपायों तथा ऊर्जा संरक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उपभोक्ताओं को विद्युत उपभोक्ता फोरम की भूमिका एवं शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

## सीएसओसी को महिलाओं द्वारा संचालित सिक्योरिटी हार्मनी एंड एक्सीलेंस के रुप में किया गया विकसित

# महिला कर्मचारियों ने संभाली बालको की चौबीसों घंटे सुरक्षा की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कभी सुरक्षा को केवल शारीरिक शक्ति से जोड़कर देखा जाता था और महिलाओं को सुरक्षा की आवश्यकता वाले वर्ग के रूप में माना जाता था लेकिन समय के साथ यह सोच बदल रही है आज महिलाएं केवल अपनी सुरक्षा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि औद्योगिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में भी नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं।

यही बदलाव बालको के सेंट्रल सिक्योरिटी ऑपरेशन सेंटर (सीएसओसी) में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जिसे अब पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित शी-एसओसी (सिक्योरिटी हार्मनी एंड एक्सीलेंस) के रूप में विकसित किया गया है। यह रूढ़िवादी धारणाओं से आगे बढ़कर एक ऐसी आधुनिक सुरक्षा संस्कृति को दर्शाती है, जिसमें शारीरिक शक्ति से अधिक योग्यता, सतर्कता, तकनीकी दक्षता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को महत्व दिया जाता है। बालको का सीएसओसी कंपनी की सुरक्षा व्यवस्था का मुख्य नियंत्रण केंद्र है। यह केंद्र दिन-रात, पूरे सप्ताह लगातार संचालित रहता है। संयंत्र परिसर में लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, सुरक्षा अलर्ट का विश्लेषण, किसी भी आपात स्थिति में त्वरित समन्वय, सुरक्षा टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश देना और महत्वपूर्ण निर्णयों में सहयोग जैसी सभी जिम्मेदारियां अब महिलाओं की टीम निभा रही है। यह केवल एक प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि महिलाओं की क्षमता, नेतृत्व और पेशेवर दक्षता पर संगठन के विश्वास का प्रतीक है। औद्योगिक सुरक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। ऐसे वातावरण में धैर्य, बारीकियों पर ध्यान, तार्किक सोच और बेहतर संवाद कौशल जैसी विशेषताएं बेहद महत्वपूर्ण हो जाती हैं। महिलाओं की भागीदारी इन सभी पहलुओं को और मजबूत बनाती है तथा सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी और संतुलित बनाती है। शी-एसओसी की प्रभारी वर्षा द्विवेदी बताती हैं कि बालको ने उन्हें सुरक्षा संचालन का नेतृत्व करने का अवसर और विश्वास दिया है। आधुनिक सुरक्षा प्रणालियों, नवीन तकनीकों और नियमित प्रशिक्षण के कारण उनका आत्मविश्वास लगातार बढ़ा है। उनके अनुसार, चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम करने से निर्णय लेने की क्षमता मजबूत हुई है और संगठन की महिला सशक्तिकरण की सोच ने उन्हें नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया है।



बालको की महिला कर्मचारियों के साथ अधिकारी।

### उरांवपारा स्कूल में हुई परिचर्चा

**कोरबा।** शा.पू.मा.शाला उरांवपारा पोलमी) में राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षकों की भूमिका के विषय पर परिचर्चा की गई। सर्वप्रथम माँ भारती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस विषय पर सभी शिक्षकों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. सुशील तिवारी, प्रधान पाठक ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि के. एल. मरावी, प्राचार्य, सेजेस पोड़ी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विशेष प्रकाश डाला। कार्यक्रम को श्रीमती रोशनी अग्रवाल, राखी जायसवाल, एस.प्रसाद, प्रकाश खुंटे, पार्थ कौशिक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आशा मिंज ने किया। इस अवसर पर मोहन कश्यप सी एस.सी. पोलेमी, दामोदर सिंह मरकाम, ताम्रध्वज साहू आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### पेंशनर्स ऐसोसिएशन मिला रामपुर विधायक से, सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** राज्य के पेंशनर्स की लंबित एवं न्यायोचित मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री, छग शासन को अनुशंसा-पत्र प्रेषित किए जाने हेतु छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात शर्मा जिला शाखा कोरबा के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में लंबित महंगाई राहत का नियमित कर्मचारियों के साथ ही भुगतान किए जाने, पेंशनर्स के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना लागू किए जाने, 80 वर्ष के स्थान पर 70 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर पेंशन में 20 प्रतिशत अतिरिक्त वृद्धि प्रदान किए जाने, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय का आदेश के पालन में छठवें तथा सातवें वेतनमान के एरियर का भुगतान किए जाने, राज्य के पेंशनर्स को मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना में शामिल किए जाने, राज्य पेंशनर्स कल्याण मण्डल का पुनर्गठन नियमित सभा आयोजित किए जाने व प्रदेश के सभी जिलों में सियान-सदन (पेंशनर्स भवन) के निर्माण पर कार्यवाही किए जाने की मांग शामिल है। इस अवसर पर एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य गण एस के पाठक, अजय पांडे, रेशम दुबे, लक्ष्मण महंत, मनहरण पटेल, पीएल साहू, नागेश गोरहा, गोपाल प्रजापति, सीताराम कंवर, तीजराम कुर्रे, जेएस पोर्त, सुरेश द्विवेदी, प्यारेलाल चौधरी, रामू पांडे उपस्थित थे।

### सामान्य सभा की बैठक कल

**कोरबा।** जिला पंचायत कोरबा की सामान्य सभा की बैठक 25 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में शिक्षा विभाग, स्वास्थय, पशुपालन, कृषि, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल ग्रामीण कोरबा/कटघोरा की समीक्षा की जायेगी।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक स्थगित

**कोरबा।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक, जो 24 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में श्रीमती ज्योत्सना महंत, सांसद, लोकसभा क्षेत्र कोरबा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली थी, अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरबा ने बताया कि बैठक की अगली तिथि एवं समय की सूचना संबंधित सदस्यों एवं अधिकारियों को पृथक से प्रदान की जाएगी।

### विनय ने नीट में हासिल किए 537 अंक



फोटो 23 केआरबी 22

कोरबा। ग्राम नरईबोध निवासी द्वारिका प्रसाद राठौर व धर्मपत्नी पुष्पा राठौर के पुत्र विनय सिंह राठौर ने नीट की परीक्षा में 537 अंक हासिल कर अपने क्षेत्र का नाम किया। विनय शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है विनय ने स्कूली शिक्षा शासकीय हाईस्कूल भिलाईबाजार से प्राप्त की विनय ने सफलता का श्रेय गुरुजनों व माता-पिता को दिया है।

### ट्रेलर चालकों की मनमानी, रात में भी छोटे वाहन चलने वाले मार्ग में घुसा रहे भारी वाहन

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार दीपका बाईपास मार्ग अब ट्रेलर चालकों की जबरदस्ती और मनमानी चरम पर है। सुगम व सुरक्षित आवागमन के लिए बने भारी वाहनों व छोटी वाहनों के लिए डिवाइडर लगाकर अलग-अलग मार्ग फिर भी जबरदस्ती मनमानी व लापरवाही पूर्वक ट्रेलर चालक दिन तो दिन अब रात में भी छोटी वाहनों वाले मार्ग पर घुसा दे रहे हैं, इससे इस मार्ग में चलने वाली हल्की वाहन चालकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा,चालक से तू-तू-मैं-मैं होने के बाद हरदीबाजार से दीपका जा रहे कार सवार को आधे घंटे बाद साईड मिली। इस दिशा में पुलिस प्रशासन व यातायात विभाग की कोई दबाब इन ट्रेलर चालकों पर नहीं दिख रहा है इसलिए इनके हौसले बुलंद है जो आने वाले समय में किसी बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकते हैं।

### अच्छी बारिश से खेतों में लौटी रौनक, महिलाओं ने तेज की धान रोपाई

**हरदीबाजार।** पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बोईदा में अच्छी मानसूनी बारिश के बाद कृषि कार्यों ने गति पकड़ ली है। गांव के खेतों में इन दिनों धान की रोपाई का कार्य पूरे जोरों पर चल रहा है। बड़ी संख्या में महिला खेतिहर मजदूर एवं किसान सुबह से शाम तक पानी से भरे खेतों में मेहनत कर धान की रोपाई कर रही हैं। मानसून की समय पर हुई बारिश से किसानों के चेहरों पर खुशी लौट आई है। खेतों में पर्याप्त पानी भर जाने के कारण रोपाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे इस वर्ष अच्छी फसल उत्पादन की उम्मीद भी बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में चारों ओर हरियाली छा गई है और खेती-किसानी का माहौल दिखाई दे रहा है।ग्राम पंचायत बोईदा के किसानों का कहना है कि यदि आगे भी मौसम अनुकूल रहा और समय-समय पर वर्षा होती रही, तो इस वर्ष धान की पैदावार बेहतर होने की पूरी संभावना है।

---

#### आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं से स्थानीय समुदायों के समग्र विकास को मिलेगी नई गति

# एसईसीएल ने किया 11.85 करोड़ की सीएसआर परियोजना का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल ने सीएसआर के अंतर्गत समाज के समग्र एवं सतत विकास की दिशा में एक और महत्त्वपूर्ण पहल करते हुए जिले में लगभग 11.85 करोड़ से अधिक की लागत की जनकल्याणकारी परियोजनाओं की शुरुआत की। एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने मुख्य अतिथि के रूप में इन परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इन पहलों का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगारोन्मुख कौशल प्रदान करना, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा खनन प्रभावित क्षेत्रों में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच को सुदृढ़ बनाना है।

इस दौरान एसईसीएल के निदेशक बिरंची दास ने कहा कि एसईसीएल केवल देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने तक सीमित नहीं है बल्कि जिन क्षेत्रों में कंपनी कार्य करती है, वहाँ के लोगों के जीवन स्तर में सतत सुधार लाना भी उसकी प्राथमिक



फीता काटकर शुभारंभ करते हुए।

जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ तथा सम्मानजनक आजीविका किसी भी समाज के समग्र विकास के आधार हैं और एसईसीएल इन क्षेत्रों में दीर्घकालिक एवं प्रभावी परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान मल्टी स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट परियोजना का शुभारंभ किया गया। लगभग 6.86 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित किए जा रहे इस अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र में स्थानीय युवाओं को विभिन्न उद्योगोन्मुख ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस परियोजना के माध्यम से लगभग 1,260 युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। यह केंद्र उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष मानव संसाधन तैयार करने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसी अवसर पर प्रोजेक्ट उड़ान के अंतर्गत अपैरल ट्रेनिंग एंड डिज़ाइन सेंटर के सहयोग से कौशल विकास परियोजना का भी शुभारंभ किया गया। इसके माध्यम से परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं, विशेषकर महिलाओं, को अप्रैल मैन्युफैक्चरिंग एवं गारमेंट सेक्टर से संबंधित व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे उनके लिए स्वरोजगार एवं संगठित उद्योगों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एसईसीएल ने प्रोजेक्ट श्वास के अंतर्गत लगभग 4.99 करोड़ रुपए की लागत से एआई आधारित मोबाइल मेडिकल यूनिट्स की शुरुआत की। यह पहल कोरबा, कुसमुंडा, गेवरा एवं दीपका क्षेत्रों के ग्रामीण एवं खनन प्रभावित समुदायों तक टीबी तथा अन्य श्वसन संबंधी रोगों की समय पर पहचान, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक उपचार सेवाएँ पहुँचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

---

## बीएमएस के 72वें स्थापना दिवस पर बगदेवा में गेट मीटिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी द्वारा स्थापित भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के 72वें स्थापना दिवस के अवसर पर 23 जुलाई एसईसीएल क्षेत्र के बगदेवा भूमिगत खदान परिसर में भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ, कोरबा–कुसमुंडा द्वारा गेट मीटिंग आयोजित की गई। इस दौरान कर्मचारियों के बीच संगठन के स्थापना दिवस का महत्व बताते हुए जनजागरण अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ, कोरबा–कुसमुंडा के संगठन मंत्री एवं कंपनी आई.आर. प्रभारी अशोक कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ अपना 72 वाँ स्थापना दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कि बीएमएस राष्ट्र प्रथम की भावना एवं भारतीय चिंतन पर आधारित श्रमिक संगठन है, जिसने स्थापना काल से ही राष्ट्रहित, उद्योगहित और श्रमिक हित को अपने कार्य का मूल आधार बनाया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्र की सुरक्षा, उद्योगों की प्रगति, श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा तथा देश की आंतरिक स्थिरता को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। भारतीय मजदूर संघ का प्रत्येक कार्यकर्ता श्रमिकों के न्यायोचित अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ मातृभूमि की संप्रभुता, एकता एवं अखंडता की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। श्री सूर्यवंशी ने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी श्रमिकों से राष्ट्र, उद्योग एवं श्रमिक हितों की रक्षा के लिए संगठित होकर कार्य करने तथा भारत को आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं सशक्त बनाने के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में बगदेवा शाखा के समस्त पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्यों द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी गईं तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लेते हुए मिष्ठान वितरण किया गया।

---

## नियमों को ताक पर रखकर संचालित किए जा रहे निजी नर्सिंग कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य सरकार एक ओर महिलाओं में स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति बढ़ावा देने हरसंभव प्रयास कर रहा है वहीं दूसरी ओर कुछ लोग स्वास्थ्य शिक्षा को कमाई का जरिया बना लिए हैं। पहले तो प्रबंधन की आँख में धूल झोंककर नर्सिंग

**खास बात**

- जिले में संचालित दो नर्सिंग कॉलेजों का मामला, मानकों के विपरीत हो रहा कॉलेज का संचालन

कॉलेज की अनुमति ली जाती है, फिर महाविद्यालय में सारी सुविधाएं उपलब्ध होने का दावा कर छात्राओं को प्रवेश दिलाया जाता है, इसके एवज में बतौर शुल्क मोटी रकम की वसूली की जाती है लेकिन प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद तमाम दावे थोथे साबित होते हैं। अपने ठगे जाने का एहसास होने के बाद छात्राएं चाह कर भी भविष्य अंधकारमय होने के भय से पढ़ाई नहीं छोड़ पाती।

ऐसे ही दो नर्सिंग कॉलेज शहर में भी संचालित है, जिनका न तो खुद की जमीन व भवन और न ही कोई सेटअप है। हम बात कर रहे है भारत इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज और होप्स इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज की। स्वास्थ्य शिक्षा के जानकारों की मानें तो बीएससी नर्सिंग कॉलेज के लिए भवन सहित




अन्य सुविधाओं का होना अनिवार्य है। इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली के नियमानुसार किसी भी नर्सिंग कॉलेज के संचालन के लिए खुद का अथवा किराए के भवन क्षेत्रफल 23 हजार 200 वर्ग फीट होना अनिवार्य है, इस अर्हता को दोनों ही कॉलेज पूरे नहीं करते। जहां भारत नर्सिंग कॉलेज का संचालन कोसाबाड़ी के समीप निजी विद्यालय परिसर से लगे 8 हजार वर्गफीट जमीन में निर्मित भवन में किया जा रहा, तो होप्स कॉलेज सीतामढ़ी क्षेत्र में नगर निगम के भवन में संचालित है, जिसका क्षेत्रफल 4 हजार वर्गफीट से भी कम है। इन भवनों में इंडियन नर्सिंग काउंसिल के द्वारा निर्धारित नियमानुसार छात्राओं के लिए कोई अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा कई ऐसी खामियां है, जो निर्धारित मापदंड को पूरे करते हों। वर्तमान में स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति लोगों में दिलचस्पी बढ़ी है। लोग अपने बच्चों को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की चाह रखते है, वे बच्चों को किसी भी सूरत में सरकारी अथवा निजी कॉलेज में प्रवेश दिलाने की जुगत में लगे रहते है, ताकि बच्चे डॉक्टरी या नर्सिंग की पढ़ाई पूरी कर सके। इस फेर में नियमों को ताक पर रख चल रहे कॉलेजों में फंस जाते है। वे संचालकों के लुभावने दावों में उलझ कर बतौर शुल्क मोटी रकम भी जमा करा देते है, है, जब बच्चे कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद पढ़ाई शुरू करते है तो उन्हें नियम को दरकिनार कर कॉलेज संचालन की जानकारी होती है। उनके लिए पढ़ाई को आधी अधूरी छोड़ कर जाना मुश्किल होता है। उन्हें अपने भविष्य की चिंता सताते रहती है। जानकारों का कहना है कि नर्सिंग की पढ़ाई डॉक्टरी का ही एक अंश है, जिसके मद्देनजर इंडियन नर्सिंग काउंसिल ने नर्सिंग कॉलेज के लिए बेहतर लैब व अध्यापन कार्य के लिए प्रशिक्षित प्राध्यापक अनिवार्य किया है। इसके विपरीत दोनों ही नर्सिंग कालेज में न तो लैब और न ही प्राध्यापक हैं। दोनों ही कॉलेज में लैब में प्रायोगिक शिक्षा के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है। सूत्रों की मानें तो सीनियरों को ही अध्यापन कार्य की भी जिम्मेदारी सौंप दी जाती है।

---

## उपमुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने निकले युवा कांग्रेस-एनएसयूआई कार्यकर्ता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उपमुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव के कोरबा दौरे के दौरान गुरुवार को युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में काले झण्डे दिखाने से पहले ही पुलिस ने युवा कांग्रेस व एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर अस्थायी जेल भेज दिया।

युवा कांग्रेस और एनएसयूआई ने दिल्ली में छात्रों के साथ हुए कथित बल प्रयोग और अभद्र व्यवहार के विरोध में काला झंडा दिखाने का ऐलान किया था। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन पहले से अलर्ट हो गया था और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। उपमुख्यमंत्री अरुण साव के आगमन से पहले ही पुलिस ने काले झंडे लेकर प्रदर्शन के लिए पहुंच रहे कई कार्यकर्ताओं को रोक लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी



करते हुए छात्रों पर कथित अत्याचार बंद करने की मांग की। पुलिस ने एहतियातन कार्रवाई करते हुए सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर मानिकपुर चौकी में बनाई गई अस्थायी जेल में रखा। पुलिस का कहना है कि यह कदम कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया। युवा कांग्रेस व एनएसयूआई के जिन पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है उनमें एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव विशाल सिंह, प्रतीक पांडे, भानु भगत, आशीष बंजारे, नवनीत सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हैं।

---

TOP IN KORBA

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

---

## रोजगार व पुर्नवास को लेकर भूविस्थापितों ने घेरा कुसमुण्डा जीएम कार्यालय




प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू विस्थापित रोजगार एकता संघ द्वारा एसईसीएल के खदानों से प्रभावित भूविस्थापित किसानों की लंबित रोजगार प्रकरणों का तत्काल निराकरण,बसावट, एवं प्रभावित गांव के बेरोजगारों को आउट सोर्सिंग कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ 6 सूत्रीय मांग को लेकर कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान मुख्य द्वार के बंद होने से कर्मचारियों का आवागमन बाधित हो गया जिसका असर कार्यालयीन कार्य पर देखने को मिला। आखिरकार एसईसीएल प्रबंधन ने लिखित बैठक का आश्वासन दिया जिसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया।

**खास बात**

- किसान सभा ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर खोला मोर्चा, आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन हुआ समाप्त

भूविस्थापितों के धरना प्रदर्शन से घंटों तक माहौल गरमाया रहा जिसके बाद जिसके बाद एसईसीएल के अधिकारियों ने महाप्रबंधक के साथ बैठक कर तत्काल रोजगार प्रकरणों के निराकरण का आश्वासन दिया तब जाकर भूविस्थापितों ने धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। हालांकि किसान सभा ने एलान करते हुए कहा है कि भूविस्थापितों के समस्याओं पर सकारात्मक पहल नहीं उठाने पर 15 दिन बाद कोल परिवहन को बंद किया जाएगा। इस दौरान किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा व दीपक साहू ने कहा कि भूविस्थापितों को जमीन अधिग्रहण के बाद रोजगार से वंचित नहीं किया जा सकता जिनकी भी जमीन अर्जन की गई है उन्हे रोजगार देना होगा। भू विस्थापितों की समस्याओं के निराकरण के लिए एसईसीएल के अधिकारियों द्वारा कोई ठोस पहल नहीं किया जा रहा है जिससे भू विस्थापितों में काफी आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेता दामोदर श्याम, रेशम यादव ने कहा कि भू विस्थापितों को जमीन के बदले रोजगार देना होगा और वे अपने इस अधिकार के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे गरीबों के पास संघर्ष के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। आगे अन्य क्षेत्रों से संपर्क कर आंदोलन का और विस्तार किया जाएगा। घेराव प्रदर्शन के दौरान कार्यालय का मुख्य गेट बंद होने से कर्मचारियों का अंदर आना जाना बंद हो गया था जिससे माहोल तनावपूर्ण रहा। धरना प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रूप से फिरत, उत्तम दास, अनिल, दीनानाथ, कृष्णा, हरिहर, होरी, रमेश दास, सोनू, हेतराम, राजकुमार, विजय कंवर, इंद्र, गणेश, हरिशरण के साथ बड़ी संख्या में भूविस्थापित शामिल थे।

---

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गारंटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

## खबर संक्षेप

### सतनामी कल्याण समिति की बैठक कल

**कोरबा।** सतनामी कल्याण समिति जिला कोरबा की बैठक 25 जुलाई को सतनाम प्रांगण टी.पी. नगर में शाम 5 बजे आयोजित की गई है। जिसमें ममतामयी मिनीमाता की पुण्यतिथि मनाये जाने एवं गुरू बालकदास की जी जन्म जयंती मनाने के संबंध में आयोजन की तैयारी को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक में अध्यक्ष की अनुमति से समाज के उत्थान के लिए अन्य विषयों पर चर्चा-परिचर्चा की जाएगी जिसमें समाज के सभी राजमहंत, जिला महंत, आजीवन सदस्य, सरंक्षक सदस्य एवं समाज के सभी वरिष्ठ सामाजिक भाईयों एवं बहनों से अपील है कि उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से अधिक से अधिक उपस्थित होने का कहा गया है।

### देवशयनी एकादशी पर मां सर्वमंगला मंदिर घाट में आयोजन कल

**कोरबा।** नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी के संरक्षण, स्वच्छता और जनजागरण के उद्देश्य से आयोजित की जाने वाली हसदेव आरती के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रथम वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर 25 जुलाई को सायं 5 बजे माँ सर्वमंगला मंदिर घाट में आयोजित होगा। नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा हसदेव नदी, उसकी सहायक नदियों तथा अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों में बढ़ते प्रदूषण को कम करने, उनके संरक्षण तथा नदी तटों के सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की पूर्णिमा को सायं 5 बजे माँ सर्वमंगला मंदिर घाट पर हसदेव आरती का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक नागरिक शामिल होते हैं। हसदेव आरती के एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाला यह प्रथम वार्षिकोत्सव संत राम रूप दास महात्यागी, प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय संत समिति, छत्तीसगढ़ रामाश्रय हरिहर क्षेत्र केदार, मदकू द्वीप के सानिध्य में संपन्न होगा।

### चन्द्रनाहू विकास महासमिति की बैठक संपन्न

**कोरबा।** वर्तमान परिवेश में सभी को समाज में एकजुट होकर रहने की आवश्यकता है, समाज के लोग जब एक साथ मिलकर रहते हैं तब समाज मजबूत होता है। समाज मे अनेकों सामाजिक कार्यक्रम व समय आने पर लोग एक दूसरे का सहयोग करते हैं। उक्त उद्बोधन चन्द्रनाहू (चन्द्रा) विकास महासमिति छत्तीसगढ़ के केंद्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मण चन्द्रा ने श्री बालाजी मंदिर रोड स्थित तेजराम चन्द्रा के निवास स्थान में 18 जुलाई को आयोजित बैठक में कहा। उपस्थित सभी स्वजातीयजनों ने चन्द्रनाहू (चन्द्रा) समाज कोरबा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बनवारी चन्द्रा का स्वागत कर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बनवारी चंद्रा ने कहा कि कोरबा के सभी सामाजिक बंधुओं के सहयोग से कोरबा में पूर्व की भांति सामाजिक गतिविधियां निरंतर संचालित होते रहेंगे। केंद्रीय महासमिति द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसे मैं पूरा करने का भरसक प्रयास करूंगा। इस अवसर पर चंद्रनाहू (चन्द्रा) विकास महासमिति छत्तीसगढ़ के संयुक्त सहसचिव मनमोहन चन्द्रा, कीर्ति चन्द्रा, द्रुपद चन्द्रा, हेमंत चन्द्रा, धनंजय चन्द्रा, तेजराम चन्द्रा, विजय चन्द्रा, साहेब लाल चन्द्रा, लखेश्वर चन्द्रा, रमेश चन्द्रा, राकेश चन्द्रा, गंगा राम चन्द्रा सहित सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# 73 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री, कोरबा जिला प्रभारी मंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने सुनालिया नहर मार्ग स्थित बहुप्रतीक्षित मल्टीलेवल पार्किंग का लोकार्पण तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी परिसर का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही उन्होंने निगम द्वारा दादरखुर्द में आयोजित लोकार्पण, भूमिपूजन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के गृहप्रवेश कार्यक्रम में शामिल होकर जिले को 73 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने 36 करोड़ 37 लाख 94 हजार रुपये की लागत के 12 विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 37 करोड़ 45 लाख 40 हजार रुपये की लागत के 7 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह कंवर, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, वार्ड पार्षद श्रीमती सुनीता साहू सहित अन्य पार्षद, अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



उपमुख्यमंत्री श्री साव ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, दादरखुर्द में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। गरीबों के कल्याण के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका सीधा लाभ आमजन को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कोरबा को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात मिली है और ऊर्जाधानी कोरबा निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। श्री साव ने कहा कि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं है। शासन का प्रत्येक रुपया जनता के हित और विकास के लिए खर्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) की राशि का भी अब बेहतर एवं जनहितकारी उपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार शासन करने के लिए नहीं, बल्कि सेवा करने के लिए है और जनता की यह सेवा निरंतर जारी रहेगी। उपमुख्यमंत्री ने मंत्री लखनलाल देवांगन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बीते ढाई वर्षों में जिले में उल्लेखनीय विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (एएचपी) के हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि आज केवल आवास की चाबी ही नहीं, बल्कि उनके जीवन में नई खुशियों का भी प्रवेश हुआ है।

### करतला थाना क्षेत्र के कुदमुरा व तौलीपाली के बीच हुआ हादसा

# पेट्रोल भराकर लौट रहे दो युवकों को ट्रेलर ने मारी टक्कर, दोनों की मौत





दोनों युवकों का मौके पर पड़ा शव।



क्षतिग्रस्त बाइक व मौके पर लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मोटरसाइकिल सवार दो युवक अपने गांव से पेट्रोल भरवाने के लिए हाटी गए हुए थे। जहां से वापस लौट के दौरान कुदमुरा चचिया के बीच में एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर साइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपर्द कर दिया है। जबकि दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने दुर्घटनाकारित ट्रेलर चालक के



दुर्घटनाकारित ट्रेलर।

खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मामला करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चचिया की है यहां निवासरत राहुल उरांव उम्र 20 वर्ष अपने साथी लोकेश राठिया 25 वर्ष के साथ सुबह लगभग 9:00 बजे अपनी मोटर साइकिल में सवार होकर पेट्रोल भरवाने हाटी गए हुए थे। जहां लगभग सुबह 10:30 बजे दोनों पेट्रोल भरवा कर वापस मोटरसाइकिल में अपने घर चचिया लौट रहे थे, कि ग्राम कुदमुरा व तौलीपाली के बीच कोसाबाड़ी आम रोड पर पहुंचे थे कि करतला की ओर से जा रही ट्रेलर क्रमांक सीजी 07 डीसी 3566 के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को अपने चपेट में ले लिया। जिससे दो मोटर साइकिल दो टुकड़ों में विभक्त हो गई जबकि मोटरसाइकिल में सवार राहुल उरांव और लोपेश राठिया की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर करतला थाना पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मामले में वैधानिक कार्रवाई कर दोनों मृतकों की शव को परिजनों के सुपूर्द किया गया। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रेलर चालक मौके पर ही टेलर को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटना कारित ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पता साजिश शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

सड़क हादसे की दूसरी घटना सुतर्रा के समीप हुई है। बताया जाता है कि पाली माखनपुर निवासी सहेत्तर सिंह पिता राम सिंह 52 वर्ष 19 जुलाई को कटघोरा थाना क्षेत्र के सुतर्रा आया हुआ था। जहां अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया था। जिसके बाद उसे गंभीरावस्था में उपचार के लिए मेडिकल हास्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां पिछले कई दिनों से उसका उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान गुरुवार की सुबह सहेत्तर सिंह की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# खदान विस्तार से प्रभावित 10 गांवों के ग्रामीणों ने महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल मानिकपुर क्षेत्र के खदान विस्तार से प्रभावित ग्रामीणों ने रोजगार और पुनर्वास की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। एसईसीएल मानिकपुर प्रभावित ग्राम भू-विस्थापित समिति के बैनर तले, ग्रामीणों ने मानिकपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। साथ ही मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

जानकारी के अनुसार समिति में मिलाईखुर्द क्रमांक-1, 2, 3, रापाखर्रा, कुदारीखार, दादरखुर्द, ढेलवाडीह, बरबसपुर, कर्रानारा और कदमहाखार ग्राम के भू-विस्थापित शामिल हैं। प्रभावित ग्रामीणों का कहना है कि खदान विस्तार और नाला डायवर्सन के नाम पर उनकी उपजाऊ व सिंचित जमीन अधिग्रहित कर ली गई लेकिन रोजगार नहीं मिला। ग्रामीणों का आरोप है कि खेती और मकान दोनों प्रभावित हो चुके हैं। जमीन जाने के बाद आजीविका का कोई साधन नहीं बचा है, जबकि रोजगार देने का केवल आश्वासन मिलता रहा है। प्रभावित ग्रामों के मूल निवासियों को सभी निजी ठेका कंपनियों में रोजगार में पहली प्राथमिकता दी जाए। जमा किए गए रोजगार आवेदन पत्रों का जल्द निराकरण किया जाए। भर्ती के नाम पर दलाली और पैसों की मांग पर रोक लगे तथा भर्ती प्रक्रिया में भू-विस्थापित समिति की भागीदारी अनिवार्य की जाए। अन्य राज्यों की तर्ज पर एसईसीएल की निजी ठेका कंपनियों में 90 प्रतिशत रोजगार स्थानीय भू-विस्थापितों को दिया जाए। सभी निजी ठेका कंपनियों और भू-विस्थापित समिति की संयुक्त बैठक कर भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दादरखुर्द के करीब 100 किसानों की जमीन पौधारोपण और रोजगार देने के वादे पर ली गई थी, लेकिन अब तक वादा पूरा नहीं किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# जुआ खेलते 8 जुआड़ियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर पुलिस ने कुंआ भट्टा पिकअप स्टैंड के पास जुआ अड्डे पर रात्रि को दबिश दी। यहां से 8 जुआड़ी पकड़े गए। इनके कब्जे से ताश पत्ती के साथ 18 हजार 800 रूपए नगद और बैठक व्यवस्था से संबंधित सामान जप्त किया गया।

मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर ने बताया कि बुधवार की रात मुखबीर की सूचना पर छापेमारी की कार्रवाई की गई है। मौके पर जुआ खेलते हुए मो. सलीम पिता आलम, मो.हनीफ पिता कलीम, शाहिद अली पिता सिद्दिकी अली, आनंद विश्वास पिता रंजीत विश्वास, राजेन्द्र साहू पिता चिरंजी लाल, अशोक चंद्रा पिता बुधराम चंद्रा, मेहताम आलम पिता आफताब आलम, मो.सब्बीर पिता मो.हुसैन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से कुल 18 हजार 800 रुपए नगद जब्त किया है। पुलिस ने इस मामले में जुआडियों के खिलाफ जुआ एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है।



पकड़े गए जुआड़ी।

# पड़ोसी जिले से पहुंचा 22 हाथियों का झुंड पहाड़गांव मचान को तोड़ा, अलर्ट जारी



हाथियों द्वारा तोड़ा गया मकान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले सक्ती के रैनखोल क्षेत्र से बुधवार की रात 22 हाथियों का झुंड कोरबा वन मंडल के करतला में आ धमका है। इस झुंड में 15 मादा, 5 नर तो दो बेबी एलिफेंट शामिल हैं। बताया जाता है कि इस झुंड ने पहाड़ गांव में कई किसानों की फसलों को रौद दिया है तो एक किसान के मचान को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है। वन विभाग के अधिकारियों ने हाथियों के आने को लेकर क्षेत्र में अलर्ट जारी कर दिया है।

हाथियों के झुंड ने आते ही पहाड़गांव में उत्पात मचाया और खेतों में पहुंचकर फसल को रौंदने के साथ एक ग्रामीण के मचान को निशाना बनाते हुए तहस-नहस कर दिया। बड़ी संख्या में क्षेत्र हाथियों के आने और उत्पात मचाए जाने की सूचना ग्रामीणों द्वारा दिए जाने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। हाथियों की मौजूदगी को लेकर वन परिक्षेत्राधिकारी अक्श ऋषि और उनकी टीम ने प्रभावित गांवों और उसके आसपास के क्षेत्रों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का अभियान भी शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की सलाह देते हुए जंगल न जाने तथा हाथियों से दूरी बनाए रखने की अपील की जा रही है। 22 हाथियों के नए दल के कोरबा वनमंडल में आने के बाद यहां सक्रिय हाथियों की संख्या अब बढक़र 32 हो गई है। 10 हाथी पहले ही डिविजन के पसरखेत रेंज के कोल्गा क्षेत्र में विचरण कर रहा है। हाथियों का यह झुंड भी पहले करतला रेंज में मौजूद था। कुछ दिनों तक वहां के जंगल में सक्रिय रहने और विचरण करने के बाद पसरखेत पहुंचा है और लगभग एक सप्ताह से डेरा डाल दिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

